# CBSE Class 12 Sociology Important Questions Chapter 4 बाज़ार एक सामाजिक संस्था के रूप में

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
बाजार की अर्थव्यवस्था को सर्वप्रथम किसने समझने का प्रयास किया?
उत्तर:
एडम स्मिथ ने।

प्रश्न 2.
'द वैल्थ ऑफ नेशन्स' पुस्तक के लेखक कौन हैं?
उत्तर:
एडम स्मिथ।

प्रश्न 3.
अदृश्य हाथ का नाम किस विद्वान द्वारा दिया गया?
उत्तर:
एडम स्मिथ द्वारा।

प्रश्न 4.
खुले बाजार से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
खुला बाजार सभी प्रकार की राष्ट्रीय अथवा अन्य रोकथाम से मुक्त होता है।

प्रश्न 5.
लेस-ए-फेयर से क्या तात्पर्य है?
उत्तर:
लेस-ए-फेयर से तात्पर्य है:बाजार में हस्तक्षेप न किया जाये।

प्रश्न 6.
वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर कहाँ पर है?
उत्तर:
वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर अमेरिका में न्यूयार्क में है।

प्रश्न 7.
वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर न्यूयार्क में आतंकवादी हमला कब हुआ था?
उत्तर:
यह हमला 9/11 को हुआ था।

प्रश्न 8.
नासदाक क्या है?
उत्तर:
नासदाक एक प्रमुख इलेक्ट्रॉनिक विनिमय केन्द्र का नाम है जो न्यूयॉर्क में स्थित है।

प्रश्न 9.
सूचना प्रौद्योगिकी क्रान्ति के कारण पहली बार किसका भूमंडलीकरण हुआ?
उत्तर:
सूचना-प्रौद्योगिकी-क्रांति के कारण पहली बार बाजार का भूमंडलीकरण हुआ।

प्रश्न 10.
उद्योगपतियों द्वारा गठित दो संगठनों के नाम लिखिये।
उत्तर:

1. एसोसिएटेड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्री।
2. ऑल इण्डिया एक्सपोर्ट्स चैम्बर।

प्रश्न 11.
भूमंडलीकरण की केन्द्रीय विशेषता बताइये।
उत्तर:
विश्व में बाजारों का विस्तार और एकीकरण का बढ़ना।

प्रश्न 12.
भारहीन अर्थव्यवस्था कौन-सी है?
उत्तर:
भारहीन अर्थव्यवस्था में उत्पादन सूचना पर आधारित होता है, जैसे - कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर।

प्रश्न 13.
भूमंडलीकरण की नीति का आरंभ भारत में कब और किस नीति के कारण हुआ?
उत्तर:
1980 में उदारीकरण की नीति के कारण।

प्रश्न 14.
भारत में उदारीकरण के कारण किन-किन उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा?
उत्तर:
ऑटोमोबाइल्स, इलेक्ट्रोनिक्स और तेलीय अनाजों के उद्योगों पर।

प्रश्न 15.
धोराई समाज का अध्ययन कब और किस मानव विज्ञानी के द्वारा किया गया था?
उत्तर:
1982 में, मानवशास्त्री एल्फ्रेड गेल के द्वारा।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 16.
भारतीय अर्थव्यवस्था का भूमण्डलीकरण किस नीति के कारण हुआ है?
उत्तर:
उदारीकरण।

प्रश्न 17.
खुले व्यापार से आपका क्या आशय है?
उत्तर:
एक ऐसा बाजार जो किसी भी प्रकार की राष्ट्रीय या अन्य रोकथाम से मुक्त हो।

प्रश्न 18.
समाजशास्त्रियों के अनुसार बाजार क्या है ?
उत्तर:
समाजशास्त्री मानते हैं कि बाजार वो सामाजिक संस्था है जो विशेष सांस्कृतिक तरीकों द्वारा निर्मित है।

प्रश्न 19.
धोराई गाँव कहाँ स्थित है ?
उत्तर:
छत्तीसगढ़ के बस्तर जिला में।

प्रश्न 20.
भारतीय अर्थव्यवस्था के अनेक समाजशास्त्रीय अध्ययन किन पर केन्द्रित हैं ?
उत्तर:
'पारम्परिक व्यापारिक समुदायों' या जातियों जैसे नाकरट्टारों पर।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
उपनिवेशवाद क्या है ?
उत्तर:
जब कोई विदेशी शक्ति किसी देश की राजनीतिक सत्ता हथिया कर उस देश के संसाधनों का अपने देश के लोगों व उद्योगों के हित में प्रयुक्त किया जाता है, तो इसे उपनिवेशवाद कहते हैं।

प्रश्न 2.
बाजार को खुला कर देने और अनेक उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबंध को हटा देने के क्या परिणाम सामने आये?
उत्तर:
बाजार को खुला कर देने और अनेक उत्पादों के आयात पर लगे प्रतिबंध हटा देने से अब बहुत सारी विदेशी वस्तुएँ यहाँ बिकती हैं, जो पहले यहाँ नहीं मिलती थीं।

प्रश्न 3.
बाजार का क्या अर्थ है?
उत्तर:

बाजार तमाम तरह की आर्थिक क्रियाओं को इंगित करने वाली एक आर्थिक संस्था के साथ-साथ एक सामाजिक संस्था भी है, जो विशेष सांस्कृतिक तरीकों द्वारा निर्मित है।

प्रश्न 4.
हाट बाजार अथवा साप्ताहिक बाजार से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
हाट बाजार अथवा साप्ताहिक बाजार एक निश्चित अवधि के बाद लगने वाले बाजार होते हैं, जहाँ लोग वस्तुओं का क्रय-विक्रय करते हैं।

प्रश्न 5.
एडम स्मिथ के अनुसार 'अदृश्य हाथ' का क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
एडम स्मिथ के अनुसार 'अदृश्य हाथ' का तात्पर्य है कि कोई एक अदृश्य बल काम करता है जो व्यक्तियों के लाभ की प्रवृत्तियों को समाज के लाभों में परिवर्तित कर देता है।

प्रश्न 6.
भूमंडलीकरण से आप क्या समझते हैं ?
उत्तर:
वह दौर जिसमें दुनिया पहले से ज्यादा अन्तर्सम्बन्धित है, न केवल आर्थिक तौर पर अपितु राजनैतिक तौर पर भी, इसी को भूमंडलीकरण कहा जाता है।

प्रश्न 7.
भूमंडलीकरण के अन्तर्गत बाजारों के एकीकरण से क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
भूमंडलीकरण के अन्तर्गत बाजारों के एकीकरण से यह तात्पर्य है कि दुनिया के किसी एक कोने में किसी बाजार में होने वाले परिवर्तन का प्रतिकूल या अनुकूल प्रभाव उसके दूसरे कोनों में भी होता है।

प्रश्न 8.
मैक्स वेबर के द्वारा 'प्रतिष्ठा का हाथ' किसे कहा गया?
उत्तर:
लोग जो सामान खरीदते एवं उपभोग करते हैं, वह समाज में उनकी प्रस्थिति के साथ गहनता से जुड़ा होता है। वेबर द्वारा इसी को 'प्रतिष्ठा का हाथ' कहा गया।

प्रश्न 9.
हुंडी क्या है?
उत्तर:
हुंडी एक कर्ज-पत्र की तरह होती है जिसे व्यापारियों के द्वारा लम्बी दूरी के व्यापार के लिए प्रयुक्त किया जाता है।

प्रश्न 10.
पण्यीकरण से क्या तात्पर्य है?
अथवा
पण्यीकरण कब होता है ?

https://www.evidyarthi.in/

उत्तर:
जिस वस्तु को पहले खरीदा और बेचा न जाता हो परन्तु अब उसे खरीदा और बेचा जाता हो, तब पण्यीकरण होता है।

प्रश्न 11.
भूमंडलीकरण के द्वारा किन-किन क्षेत्रों में परिचालन होता है ?
उत्तर:
भूमण्डलीकरण के द्वारा पूँजी और वस्तुओं में ही नहीं, अपितु लोगों, सांस्कृतिक उत्पादों और छवियों का भी परिचालन होता है।

प्रश्न 12.
विनिमय मूल्य क्या है ? यह अवधारणा किसकी है?
उत्तर:
उत्पादन मूल्य और विक्रय मूल्य के मध्य लाभ को विनिमय मूल्य कहा जाता है । यह अवधारणा कार्ल मार्क्स की है।

प्रश्न 13.
हाट या साप्ताहिक बाजार के दो लाभ बताइये।
उत्तर:

1. इसमें लोग कृषि तथा वनों के उत्पादों को व्यापारियों को बेचते हैं।
2. इसमें लोग सगेसम्बन्धियों से मिलते हैं तथा विवाह सम्बन्ध भी निश्चित करते हैं।

प्रश्न 14.
समाजशास्त्रियों का बाजार के सन्दर्भ में क्या मत है ? उदाहरण सहित बताइए।
उत्तर:
समाजशास्त्री मानते हैं कि बाजार सामाजिक संस्थाएँ हैं जो विशेष सांस्कृतिक तरीकों द्वारा निर्मित हैं। उदाहरण के लिए, बाजारों का नियंत्रण या संगठन अक्सर विशेष सामाजिक समूह या वर्गों द्वारा होता है और इसकी अन्य संस्थाओं, सामाजिक प्रक्रियाओं और संरचनाओं से भी विशेष संबद्धता होती है।

प्रश्न 15.
अर्थव्यवस्थाएँ समाज में रची-बसी हैं। दो उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
अर्थव्यवस्थाएँ समाज में 'रची-बसी' हैं। इस मत को यहाँ दो उदाहरणों सहित प्रस्तुत किया गया है, एक उदाहरण है-एक साप्ताहिक आदिवासी हाट का और दूसरा है-एक 'पारंपरिक व्यापारिक समुदाय' और भारत के उपनिवेशिक दौर में उसका लेन-देन का नेटवर्क या तंत्र।

प्रश्न 16.
ब्रिटिश शासन के दौरान आदिवासी अर्थव्यवस्था पर पड़े कोई दो प्रभाव बताइये।
उत्तर:

1. वनों पर ब्रिटिश शासन का एकाधिकार होने से आदिवासियों को उनके उत्पादों से हाथ धोना पड़ा।
2. आदिवासियों को अब बागानों और खदानों में काम करने को बाध्य होना पड़ा।

प्रश्न 17.
व्यापार के कुछ क्षेत्रों पर एक ही जाति का एकाधिकार हो जाता है। इसके कोई दो उदाहरण दीजिए।
उत्तर:

1. तमिलनाडु में नाकरट्टारों में जाति आधारित व्यापार।
2. मारवाड़ी समुदाय के द्वारा किया जाने वाला व्यापार।

प्रश्न 18.
पण्यीकरण के कोई दो उदाहरण दीजिये।
उत्तर:

1. गरीब लोगों के द्वारा अपनी किडनी को धनी व्यक्तियों को बेचा जाना।
2. विवाह ब्यूरो के द्वारा विवाह सम्बन्ध निश्चित करवाने के बदले पैसा लेना।

प्रश्न 19.
भूमंडलीकरण के कौन-कौन से रुझान हैं ?
उत्तर:
भूमण्डीकरण के रुझान हैं:

1. अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर वस्तुओं, पूँजी, समाचार एवं लोगों का आवागमन
2. प्रौद्योगिकी एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का विकास।

प्रश्न 20.
भारत किन स्रोतों के द्वारा विश्व-अर्थव्यवस्था के साथ लगातार जुड़ता जा रहा है?
उत्तर:
भारत

1. सॉफ्टवेयर उद्योग और
2. व्यापार में बाह्य स्रोतों के प्रयोग का उद्योग, के द्वारा विश्व अर्थव्यवस्था के साथ लगातार जुड़ता जा रहा है।

प्रश्न 21.
उदारीकरण से भारत में किन-किन उद्योगों में फायदा होगा?
उत्तर:
उदारीकरण से भारत में:

- सॉफ्टवेयर एवं सूचना प्रौद्योगिकी,
- मछली तथा फल उत्पादन में फायदा होगा।

प्रश्न 22.
उदारीकरण की कोई दो नीतियाँ बताइये।
उत्तर:

1. पूँजी, श्रम और व्यापार में सरकारी दखल को कम कर देना।

https://www.evidyarthi.in/

2. विदेशी वस्तुओं के आयात में आयात शुल्क में कमी करना।

प्रश्न 23.
राजस्थान में पुष्कर मेले का महत्त्व बताइये।
उत्तर:

1. यहाँ पशुओं का विनिमय होता है।
2. यहाँ धार्मिक पुण्यों और सांस्कृतिक प्रतीकों की भी अदला-बदली होती है।

प्रश्न 24.
पूँजीवाद की दो मूल विशेषताएँ लिखिये। उत्तर-पूँजीवाद की दो मूल विशेषताएँ ये हैं

1. उत्पादनों के साधनों पर व्यक्ति का नियंत्रण होता है।
2. यह व्यक्ति के अधिकारों पर आधारित सामाजिक-आर्थिक पद्धति है।

प्रश्न 25.
स्वतंत्रता के बाद सरकार ने अर्थव्यवस्था की जिन प्रभावशाली ऊँचाइयों का संचालन संभाला, उनमें कौन से क्षेत्र शामिल थे?
उत्तर:
स्वतंत्रता के बाद सरकार ने अर्थव्यवस्था की जिन प्रभावशाली ऊंचाइयों का संचालन संभाला, उनमें ये क्षेत्र शामिल थे-सुरक्षा, परिवहन, संचार, ऊर्जा, खनन तथा अन्य परियोजनाएँ।

प्रश्न 26.
आधुनिक अर्थव्यवस्थाओं में कौन-से खण्ड या क्षेत्र महत्त्वपूर्ण हैं?
उत्तर:
आधुनिक अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित खण्ड या क्षेत्र महत्त्वपूर्ण हैं:

1. उदारीकरण की आर्थिक नीति
2. पारराष्ट्रीय निगम
3. इलेक्ट्रोनिक्स अर्थव्यवस्था
4. भाररहित या ज्ञानात्मक अर्थव्यवस्था।

प्रश्न 27.
साप्ताहिक बाजार एक सामाजिक संस्था के रूप में कार्य करता है? कैसे?
उत्तर:
साप्ताहिक बाजार उत्पादों के आदान-प्रदान के साथ-साथ एक सामाजिक संस्था के रूप में स्थानीय लोगों के लिए अपने रिश्तेदारों तथा सगे-सम्बन्धियों तथा परिचितों से सामाजिक मेल-मिलाप के केन्द्र होते हैं। यहाँ ये लोग अपने जवान बेटे-बेटियों के विवाहों को तय कर सकते हैं, गप्पे हाँक सकते हैं और कई अन्य कार्य कर सकते हैं।